Title:Need to look into the functioning civil and E&B Department of Central Coalfields Limited-Laid.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : सैण्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड के सिविल और ई. एण्ड एम. विभाग में निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए निधि का आवंटन सही ढंग से नहीं किये जा रहे हैं, जिसके कारण विकास कार्यों का सम्पादन सही ढंग से नहीं हो पा रहा है।

सी.सी.एल. के अन्तर्गत बेरमो सैण्ट्रल कालोनी के लिए वर्ष १९९५-९६ और १९९६-९७ के दौरान सिविल और ई. एण्ड एम. विभाग द्वारा करीब एक करोड़ सत्रह लाख रुपये का आवंटन हुआ, जबकि यह आवंटन सैण्ट्रल कालोनी के लिए नहीं था। इसके बावजूद आवंटित राशि में से विकास कार्य नहीं हो सका।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपर्युक्त मामले की जांच उच्च स्तरीय जांच समिति द्वारा सुनिश्चित कराई जाये, साथ ही साथ सी.सी.एल. के कर्मचारियों के लिए आवासों का निर्माण और मरम्मत के लिए विशेष कदम उठाये जायें।